श्रीबांके बिहारी आरती

श्रीबांकेबिहारी तेरी आरती गाऊं

आरती गाऊ प्यारे तुमको रिझाऊ

श्याम सुन्दर तेरी आरती गाऊं.........

मोर मोकुट प्यारे प्यारे शीश पे सोहे

प्यारी बसी मेरो मन मोहे

देख छवि बलिहारी मैं जाऊं

चरणों से निकली गंगा प्यारी

जिसने सारी दुनिया तारी

मैं चरणों के दर्शन पाऊं

श्री बांके बिहारी तेरी आरती गाऊं

दास अनाथ के नाथ आप हो

दुख सुख जीवन प्यारे साथ आप हो

हरि चरणों में शीश झुकाऊं

मै हरि चरणों में शीश झुकाऊं

श्रीहरिदास के प्यारे तुम हो

मेरे मोहन जीवन धन हो

देख युगल छवि बलि - बलि जाऊं

श्रीबांके बिहारी तेरी आरती गाऊं

श्याम तेरी आरती गाऊं...........